>

Title: Need to take suitable measures to open Indian Statistical Institute at Giridih, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): झारखण्ड के प्रमुख संस्थानों में से एक गिरिडीह स्थित भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आई.एस.आई.) बंद होने के कगार पर है। देश में आई.एस.आई. की पांच शाखाएं हैं। आई.एस.आई. निदेशक ने गिरिडीक के विकास के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन प्रो.-ए.एस.सी. नन्दी की अध्यक्षता में किया था। सदस्यों ने विकास कार्यों पर जोर दिया था, लेकिन परिषद् ने कहा कि गिरिडीह झारखण्ड में हैं, जहां विधि-व्यवस्था अत्यंत दयनीय है। यह टिप्पणी करते हुए गिरिडीह आई.एस.आई. के सर्वांगीण विकास का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है, जबकि केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार ने नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए बहुत सी योजनाएं गिरिडीह में शुरूआत की है।

आई.एस.आई. गिरिडीह के बंद होने से जिले के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

अंत में , मैं सरकार से मांग करता हूं कि झारखण्ड के भारतीय सांख्यिकी संस्थान को बंद होने से बचाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं।